Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-02-2006

Participants : Azmi Shri Iliyas

an>

Title : Need to review "Food for Work" Programme in Lakhimpur Khiri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जिला लखीमपुर खीरी में एक साल पहले "काम के बदले अनाज" योजना का करीब 30 करोड़ रुपया गया। एक साल में उस रुपए से कोई कार्य नहीं हुआ। सारे जनप्रतिनिधि काम के प्रस्ताव देते रहे, परन्तु कोई प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हुआ। योजना समाप्त होने के बाद जिला अधिकारी, सी.डी.ओ. तथा प्रदेश में सत्ताधीन पार्टी के विधायकों व विधान परिद सदस्यों के ही सारे प्रस्ताव बैकडेट में स्टेटमेंट बनवा कर स्वीकृत कर सारा पैसा बांट दिया गया।

सदन के माध्यम से मेरी ग्रामीण विकास मंत्री जी से मांग है कि अविलम्ब केन्द्रीय टीम लखीमपुर खीरी भेज कर योजना से संबंधित सारे रिकार्ड सील करें और जो कार्य दिखाए गए हैं, उनकी तकनीकी जांच कर दोषियों के खिलाफ आ वश्यक कार्यवाही करें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Arjuncharan Sethi – not present.